हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 28 अप्रैल 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 चिलचिलाती धूप में गो रक्षा के लिए नगर में उमड़ा...



07 केडीबीएम स्कूल में हीट सेफ्टी मिशन के तहत...



## खबर संक्षेप

### ओलंपस हाई के समर कैंप का आगाज 1 मई से

**विदिशा।** ओलंपस हाई स्कूल द्वारा समर कैंप ओलंपिया का आगाज 1 मई से किया जा रहा है। स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने बताया कि 1 से 20 मई तक चलने वाले इस कैंप में स्विमिंग सबसे महत्वपूर्ण आकर्षक के रूप में बच्चों के बीच उभरा है। इसके अलावा स्पोकन इंग्लिश, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, स्केटिंग, डांस, म्यूजिक, क्राफ्ट आदि गतिविधियां भी बच्चों को सिखाई जाएंगी। कैम्प में किसी भी स्कूल के 6 वर्ष से 16 वर्ष की आयु के बच्चे पंजीयन करा सकते हैं। 29 अप्रैल तक रजिस्ट्रेशन किए जा रहे हैं। फॉर्म स्कूल कैंपस सागर रोड के अलावा आरटीओ ऑफिस के सामने स्थित लिटिल ओलंपियंस स्कूल शंकर नगर पर भी उपलब्ध हैं।

### नाबालिग को खोजा

**विदिशा।** नटेरन थाना पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए 17 वर्षीय गुमशुदा नाबालिग बालिका को जिला गुना से बरामद कर परिजनों से मिला दिया। 4 जनवरी 2025 को दर्ज गुमशुदगी पर मामला पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत गठित विशेष टीम ने सायबर सेल की मदद से बालिका का पता लगाया। 27 अप्रैल को बरामद कर वैधानिक कार्रवाई के बाद उसे परिवार को सौंपा गया। अभियान में अब तक 412 से अधिक बच्चों को सकुशल मिलाया जा चुका है।

### 3 दोषियों को सजा

**विदिशा।** न्यायालय रिनी खान ने मारपीट कर चोट पहुंचाने के मामले में दोषी गोपाल सिंह लोधी (59), नीतेश लोधी (22) एवं सावित्री लोधी (56) निवासी ग्राम बेहलोट, थाना हैदरगढ़ को 6 माह के कठोर कारावास तथा कुल 3000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई। घटना 6 जुलाई 2020 को हनुमान मंदिर के पास पुरानी रंजिश पर हुई थी। अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी प्रियंका जैन ने प्रभावी पैरवी की।

### डंपर-ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में अवैध खनिज उत्खनन व परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन की कार्रवाई जारी है। खनिज शाखा के प्रभारी अधिकारी एवं खनिज निरीक्षक ने लटेरी तहसील के ग्राम खलेनी में गिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर डंपर क्रमांक एमपी 40 एमए 0108 को जब्त कर थाना लटेरी की अभिरक्षा में रखा। एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर थाना मुरवास में खड़ा कराया गया है।

### 28 अप्रैल को सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल होगी

**विदिशा।** 28 अप्रैल शाम 7 बजे पुलिस लाइन में सिविल डिफेंस एयर रेड, ब्लैकआउट मॉक ड्रिल होगी। हवाई हमले की चेतावनी, ब्लैकआउट, निकासी और सर्च एंड रेस्क्यू का अभ्यास किया जाएगा। प्रशासन ने नागरिकों से अफवाहों से बचने और सहयोग की अपील की है।

## 44 डिग्री: शाम 7 बजे तक चल रही गर्म हवा, दिन में त्वचा जला देने वाली धूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

गर्मी चरम पर पहुंच चुकी हैं। शहर का तापमान 44 डिग्री पर पहुंच गया है। दिन में त्वचा को जला देने वाली तीखी धूप निकल रही है तो वहीं शाम 7 बजे तक गर्म हवा चल रही है। जिससे आंखों में जलन की शिकायत हो रही है। चिकित्सकों आम लोगों को सलाह दी है कि दोपहर में घर से न निकले और बच्चों को घरों में ही रखें। छोटे बच्चों की विशेष सुरक्षा की सलाह दी गई है।







**विदिशा।** तेज गर्मी के कारण लोग बेहाल हो रहे हैं। जरुरी काम से घर से निकलने वाले लोग तौलिया, कपड़े से मुंह बांधकर निकल पा रहे हैं दोपहर में धूप इतनी तेज हो जाती है जो पैरों और हाथों की त्वचा को जलाकर काला कर देती है।

### स्वास्थ्य समिति की बैठक: महिला एवं बाल विकास व स्वास्थ्य विभाग मिलकर करें काम

## स्वास्थ्य सेवाओं में कसावट: कलेक्टर के सख्त निर्देश टीकाकरण से लेकर एंबुलेंस तक की मॉनिटरिंग होगी

- अनियमिताओं पर मेडिकल स्टोर पर कड़ी कार्रवाई होगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

सोमवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि दोनों विभाग आपसी समन्वय और डेटा साझा कर योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करें।

उन्होंने कहा कि विभागीय अमले की नियमित बैठकें आयोजित कर तय कार्ययोजना के अनुसार लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने टीकाकरण कार्यों की मॉनिटरिंग पर जोर देते हुए कहा कि कोई भी हितग्राही टीकाकरण से न छूटे। लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। एचपीवी टीकाकरण में छूटी किशोर बालिकाओं को प्रेरित कर टीकाकरण पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक के प्रसवों के लंबित भुगतान प्रकरणों की जानकारी संकलित कर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। गंभीर एनीमिक गर्भवती महिलाओं के प्रबंधन की स्थिति की भी गहन समीक्षा की गई। सर्वेक्षण कार्य, डेटा प्रविष्टि, उपचार अपडेट और टीकाकरण भुगतान की नियमित मॉनिटरिंग पर भी जोर दिया गया। आयुष्मान कार्ड निर्माण में लक्ष्य पूर्ति हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।



**विदिशा।** बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर।

### मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक और 108 एंबुलेंस पर फोकस

बैठक में जिले में संचालित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक की जानकारी आमजन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य लाभ ले सकें। 108 एंबुलेंस के सुव्यवस्थित संचालन के निर्देश देते हुए कहा गया कि सूचना मिलते ही एंबुलेंस समय पर मरीज तक पहुंचे और उसे चिकित्सालय तक सुरक्षित पहुंचाया जाए। अटल बिहारी वाजपेई शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल के बाहर दो शव वाहन तैनात रखने के निर्देश दिए गए, जिससे परिजनों को असुविधा न हो। साथ ही प्राइवेट एंबुलेंस चालकों द्वारा मनमाने शुल्क वसूली पर रोक लगाने, आरटीओ से जांच कराने और एंबुलेंस में आवश्यक सुविधाओं की पुष्टि करने के निर्देश भी दिए गए।

### मेडिकल स्टोर्स की जांच, नशीली दवाओं पर सख्ती के निर्देश

कलेक्टर ने ड्रग इंस्पेक्टर को जिले के सभी मेडिकल स्टोर्स की नियमित जांच करने के निर्देश दिए। हर माह जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने और नशीली दवाओं की बिक्री पर सख्त रोक लगाने को कहा गया। अनियमितता पाए जाने पर संबंधित मेडिकल स्टोर के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम पर जोर

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि यह गरीब बच्चों के लिए महत्वपूर्ण योजना है। टीमों को निर्देश दिए गए कि बीमार बच्चों की जांच कर नियमित फॉलोअप सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी बच्चा उपचार से वंचित न रहे। बैठक में संयुक्त कलेक्टर दीपाश्री गुप्ता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

## राजनीति में खलबली पटरियों पर मिला शव

### मृतक गोविंद गुर्जर का एक रसूखदार पर आरोप: उसे रिवाल्वर दी गई, दो रसूखदार की कराना चाहते थे हत्या, गुंडे पीछे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

ग्राम बेहलोट निवासी गोविंद सिंह गुर्जर का कटा हुआ शव रेलवे पटरियों पर मिला। इसके कुछ देर बाद ही मृतक के द्वारा बनाए गए वीडियो सार्वजनिक होने से विदिशा की राजनीति में खलबली मच गई। मृत्यु के पहले गोविंद सिंह गुर्जर के द्वारा बनाए गए वीडियो में उसने सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। जिसमें वह कह रहा है कि दो राजनीतिक रसूखदार की हत्या करने का दबाव एक रसूखदार द्वारा उसके ऊपर बनाया जा रहा था। वीडियो में मृतक के द्वारा उसे पिस्तौल भी दिए जाने की बात कही गई है। वह पिस्तौल उसने किसे दे दी है उसका नाम भी वीडियो में लिया है।



गोविंद गुर्जर मृतक

गोविंद गुर्जर का आरोप है कि वह ऐसा नहीं करना चाहता है तो उसके पीछे चार गुंडे लगा दिए हैं। जिन्होंने उसके साथ मारपीट की और हत्या करने के लिए विवश किए जाने के आरोप हैं। मृतक ने अपने मोबाइल से यह वीडियो बनाकर अपने परिचितों को भेजे। जिसमें वह कह रहा है कि पुलिस से उसका संपर्क नहीं हो पा रहा है और उसके साथ कुछ भी घटना हो सकती है।

इसके कुछ देर बाद उसका शव पटरियों पर देखा गया।

पुलिस द्वारा गोविंद गुर्जर के शव को बरामद कर मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों की टीम द्वारा पीएम कराया है। इस संबंध में जांच कर रहे पुलिस निरीक्षक आशुतोष सिंह राजपूत का कहना है कि यह मामला गंभीर है पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

मृतक गोविंद सिंह गुर्जर के बेटे दीपक ने आरोप लगाया है कि उसके पिता एक रसूखदार की खेती करते थे। रसूखदार का कहना है कि गोविंद गुर्जर हमारी खेती करता था, उससे रुपए लेने थे। स्टांप पर मकान की लिखापढ़ी है। मकान की रजिस्ट्री करने के लिए नोटिस दिया था। मृतक के द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के संबंध में कहना है कि जांच में सब साफ हो जाएगा कि इस साजिश के पीछे कौन है।

## बिना कोचिंग सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा में 99% अंक के साथ जिला टॉपर आकांश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा



इस बार सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा में विदिशा के आकांश सक्सेना ने 99% अंक अर्जित कर पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

उन्हें इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विषय में 100% सहित अंग्रेजी, गणित तथा सोशल साइंस में 99% अंक मिले हैं। आकांश विदिशा के साकेत एमजीएम सेकेंडरी स्कूल के छात्र हैं। वे अब नीट की तैयारी करके अच्छा डॉक्टर बनना चाहते हैं। नगर की कृष्णा कॉलोनी निवासी पॉलिटेक्निक प्राध्यापक अंकुर सक्सेना और अभिलाषा सक्सेना के सुपुत्र आकांश ने बताया कि वे केवल परीक्षा के दिनों में ही नहीं बल्कि शिक्षण सत्र के शुरू से ही नियमित अध्ययन और एक एक टॉपिक को पूरा करने पर फोकस करते हैं, जिससे परीक्षा के दिनों में ज्यादा दबाव नहीं रहता। हालांकि परीक्षा के दिनों में रोजमर्रा की तुलना में पढ़ाई के लिए अतिरिक्त समय तो देना ही पड़ता है। आकांश ने दसवीं बोर्ड के लिए कोई कोचिंग नहीं की, केवल स्कूल की पढ़ाई और बाकी समय घर पर खुद के अध्ययन से यह सफलता हासिल की है। आकांश अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षकों सहित मम्मी,पापा और जिला सहकारी बैंक में कार्यरत रहे स्वर्गीय पुरुषोत्तम नारायण सक्सेना और पुष्पा सक्सेना के आशीर्वाद को देते हैं।

## कीटनाशक, खाद और बीज विक्रेताओं ने की हड़ताल, एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

### देशव्यापी आह्वान पर किया प्रदर्शन, मांगें न मानी तो आंदोलन तेज करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा



देशव्यापी आह्वान के तहत मंगलवार को जिले के कीटनाशक, खाद और बीज विक्रेता हड़ताल पर रहे।

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर व्यापारी एसडीएम कार्यालय पहुंचे और एसडीएम क्षितिज शर्मा को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने बताया कि महाराष्ट्र में कीटनाशक विक्रेताओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है, जिसके समर्थन में अब पूरे देश के व्यापारी आंदोलन कर रहे हैं। विदिशा के व्यापारी भी इसी क्रम में एकजुट होकर हड़ताल में शामिल हुए। व्यापारी प्रतिनिधि राजीव पीतलिया ने आरोप लगाया कि प्रशासन खाद को निर्धारित दर से अधिक कीमत पर न बेचने के निर्देश देता है, जबकि कंपनियां विक्रेताओं को ऐसे उत्पाद जबरन बेचती हैं जिनकी बाजार में मांग नहीं होती। इससे होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए कीमत बढ़ानी पड़ती है।

### लाइसेंस निलंबन और डिलीवरी व्यवस्था पर आपत्ति

किसान की शिकायत पर सीधे लाइसेंस निलंबित कर दिया जाता है, जबकि व्यापारी कंपनी द्वारा पैक किया गया माल ही बेचते हैं। कंपनियों पर कार्रवाई न होने से व्यापारी परेशान हैं। साथ ही सब्सिडी वाले खाद के साथ अन्य उत्पादों की 'लिंकिंग' बंद करने, डिलीवरी को रेलहेड से हटाकर सीधे विक्रय केंद्र तक करने और मार्जिन 1.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 8% करने की मांग की गई। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### लायंस क्लब विदिशा सनराइज की नई कार्यकारिणी घोषित

**विदिशा।** लायंस क्लब विदिशा सनराइज की निर्वाचन समिति के अध्यक्ष लायन अमोल अग्रवाल के कुशल नेतृत्व एवं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स लायन देवांश अग्रवाल और लायन पलाश अग्रवाल के मार्गदर्शन में सत्र 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। घोषणा के अनुसार लायन डॉ. अमित ठाकुर को अध्यक्ष, लायन शोभित भार्गव को सचिव, लायन तपिश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष तथा लायन प्रीति अग्रवाल को प्रथम उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। वर्तमान अध्यक्ष लायन शालिनी भार्गव सहित अन्य पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित टीम को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में क्लब सेवा, समर्पण और सामाजिक सरोकारों की दिशा में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

## लूट के चार आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|हैदरगढ़



गुंजारी पुलिया के पास 8 अप्रैल को हुई 18 लाख रुपए की सनसनीखेज लूट का पुलिस ने 19 दिन में खुलासा कर दिया। 360 डिग्री-दृष्टि अभियान के तहत की गई सघन जांच में 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पूरा मशरूका बरामद कर लिया गया है, जबकि दो आरोपी अब भी फरार हैं।

8 अप्रैल की शाम करीब 6:40 बजे बांसादेही निवासी मनोज कुमार सोनी बुधवारा बाजार में दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। गुंजारी नदी पुलिया के पास पहले से घात लगाए बदमाशों ने उनकी गाड़ी रोककर डंडे से हमला किया और सोने-चांदी से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। मामले में थाना हैदरगढ़ में अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने 165 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले और 100 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की। साइबर टीम की मदद से तकनीकी साक्ष्य जुटाए गए। गिरफ्तार आरोपियों में शिवा उर्फ भावसिंह कुर्मी बीना, अजय यादव ललितपुर, जगदीश उर्फ हल्ले कुर्मी टीकमगढ़ और रणवीर उर्फ भगोले बुन्देला अशोकनगर शामिल हैं। इनके पास से दो कार स्कॉर्पियो, ब्रेंजा सहित 2 किलो चांदी, 2 तोला सोना सहित कुल 18 लाख का माल बरामद हुआ। रणवीर के पास से पिस्टल व कारतूस भी मिले। पुलिस के मुताबिक आरोपी मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करते थे। समय रहते गिरफ्तारी न होती तो गैंग बड़ी वारदात कर सकता था।

### एसपी ने हेलमेट जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

### पुलिस का उद्देश्य चालान काटना नहीं, लोगों के व्यवहार में बदलाव लाना है

## 10 मई तक चलेगा अभियान, वाहन चालकों को सख्ती के साथ समझाइश भी दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से हेलमेट जागरूकता अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया।

एसपी रोहित काशवानी ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। रथ शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए लोगों को हेलमेट पहनने का संदेश देता रहा। अभियान का मुख्य संदेश है हेलमेट जीवन रक्षक कवच है और सुरक्षित सफर, जिम्मेदार नागरिक।

### सख्ती के साथ की जाएगी संवेदनशील पहल

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 26 अप्रैल से 10 मई तक जिले में विशेष हेलमेट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि उद्देश्य केवल चालान काटना नहीं, बल्कि लोगों के व्यवहार में स्थायी बदलाव लाना है। आंकड़ों के अनुसार अधिकांश सड़क हादसों में दोपहिया चालक हेलमेट न पहनने के कारण गंभीर रूप से घायल होते हैं या जान गंवाते हैं। पुलिस द्वारा स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोशल मीडिया व डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए भी लोगों को जागरूक किया जाएगा, ताकि हर नागरिक सुरक्षा को अपनी जिम्मेदारी समझे।



### कार्रवाई और लाइसेंस निलंबन की तैयारी

अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर सख्त चालानी कार्रवाई की जाएगी। पीओएस मशीन के माध्यम से ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई भी प्रस्तावित है, ताकि नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित हो सके।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-6140
सरसों
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-7000
चना
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-5500
मसूर
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-9901
शरबती
न्यूनतम भाव-2460
उच्चतम भाव-5000
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-2790
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2260
उच्चतम भाव-2365
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-3170
बटरी
न्यूनतम भाव-3250
उच्चतम भाव-3555
धनिया
न्यूनतम भाव-11500
उच्चतम भाव-11500
अलसी
न्यूनतम भाव-7010
उच्चतम भाव-7010
मटर
न्यूनतम भाव-3350
उच्चतम भाव-3350

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 25960 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### लोसपा की बैठक संपन्न

**गंजबासौदा।** गत दिवस लोक तांत्रिक समाजवादी पार्टी की बैठक आयोजित हुई। जिसमें विद्युत ऊर्जा के संकट समाधान हेतु रेगिस्तानी, वीहड़ क्षेत्रों में सौर ऊर्जा संयत्र लगाने व उपयोग करने वाले परिवारों को शत प्रतिशत अनुदान देने, गोबर गैस संयत्र, कोयला क्षेत्रों में गैस उत्पाद कर उपयोग करने, आमजन को एक मुफ्त इंडक्शन चूल्हा देने की मांग की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भरत सराठे ने कहा कि सरकार की लचीली नीति व्यवस्था से किसान निरंतर जूझ कर आत्महत्या जैसे कृत्य करने को मजबूर हैं एवं सरकार के जनप्रतिनिधियों में मध्यप्रदेश के जिला विदिशा भिंड में सड़कों पर आना एवं आंदोलनात्मक कदम उठाकर सच्चा लोक तांत्रिक कार्य कर रहे हैं। बैठक में महिला लोसपा मोर्चा की नेत्री सरिता उईके ने कहा कि महिला आरक्षण 33 प्रतिशत को संख्या के अनुपात में भागीदारी देकर, जनरल, एससी, एसटी, ओबीसी इत्यादि को विभाजित किया जाऐ। मलखान सिंह यादव ने प्रदेश में गोवंश की समस्या हल करने हेतु सरकार द्वारा हर किसान को दो गाय पालन, पोषण हेतु प्रतिमाह 6 हजार रुपए दिए जाने की मांग की। जिला बैठक में चरमराती व्यवस्था पर आम जनता को चलो गांव की ओर अभियान चलाकर जागृत करने की बात कही गई। इस अवसर पर राकेश शर्मा, उदय सिंह ठाकुर, विनोद कुशवाह मौजूद थे।

## सैकड़ों नगरवासी एकत्रित होकर तहसील कार्यालय पहुंचे ज्ञापन देने

# चिलचिलाती धूप में गो रक्षा के लिए नगर में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




सूरज सिर पर था, सड़कों पर तपिश थी, लेकिन जनभावना उससे कहीं अधिक प्रखर। सोमवार को गो माता के सम्मान, सुरक्षा और राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग को लेकर शहर मानो एक स्वर में सड़कों पर उतर आया हो। सड़कें धूप से तप रही थीं, कंठ सूख रहे थे लेकिन गो माता के लिए उठी आवाज और बुलंद होती जा रही थी। न कदम रुके, न स्वर थमा। हर ओर एक ही हुंकार गूंज रही थी, गो हत्या बंद हो, बूचड़खाने बंद हो, गो माता को राष्ट्र माता घोषित करो। यह संकल्प था उन हजारों गो-भक्तों का, जो संतों के सानिध्य में कदम से कदम मिलाते हुए गो सेवा अभियान के लिए शुरू हुए पहले चरण के आंदोलन में शामिल होने के लिए सड़कों पर उतरे। सुबह 11 बजे नौलखी मंदिर से श्रीराम नाम संकीर्तन के साथ यात्रा शुरू हुई।

जैसे-जैसे जुलूस नेहरू चौक और अंबेडकर चौक से आगे बढ़ा, वैसे-वैसे यह जनसैलाब में बदलता गया। हाथों में तख्तियां, होठों पर नारे और पूरा शहर गो-भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। जुलूस का जगह-जगह पुष्प वर्षा और शीतल जल सेवा से स्वागत हुआ। हजारों गो-भक्त, संत और नागरिक शांतिपूर्ण ढंग से पैदल चलते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे, जहां राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन और हस्ताक्षर की पोटलियां एसडीएम अनुभा जैन को सौंपी गई। जुलूस में किन्नर समाज सहित सभी वर्गों की भागीदारी देखी गई। जुलूस का दृश्य अपने आप में गो भक्ति का अलग ही संदेश दे रहा था। पीले वस्त्र में बंधी 22 हजार हस्ताक्षरों की पोटलियां संतों के सिर पर थीं, और हाथों में "गाय को राष्ट्र माता घोषित करो", "गो हत्या बंद करो" जैसे संदेश लिखी तख्तियां।

गो सेवा अभियान के अंतर्गत नगर में चलाए गए हस्ताक्षर अभियान में एकत्रित हुए 22 हजार हस्ताक्षरों वाली पीले कपड़े की पोटलियों को वेदांत आश्रम के महंत एवं गो सेवा अभियान के तहसील प्रचारक हरिहरदास महाराज, गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वरदास त्यागी जी, महामंडलेश्वर रामप्रिय दास महाराज सहित अन्य संत अपने सिर पर रखकर जुलूस में आगे आगे चल रहे थे। गो माता के भजन चलते हुए दो गो रथ के अलावा ग्राम तिलातिली, कल्लाखेड़ी, मेवली और शाहपुर की भजन मंडली भी जुलूस में शामिल थीं। पीले कपड़े में बंधी इन पोटलियों में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम अंकित थे। संतों ने जब 22 हजार हस्ताक्षरों की पोटलियां अपने सिर पर रखीं, तो वह दृश्य पूरे आंदोलन का सबसे प्रभावशाली प्रतीक बन गया। जिसे संत स्वयं आगे बढ़ाकर शासन तक ले जा रहे थे।

जुलूस में सबसे आगे वेदांत आश्रम के नन्हे बटुक, उनके पीछे संतों की कतार और फिर हजारों गो-प्रेमी तहसील कार्यालय तक पैदल पहुंचे। गो माता के सम्मान हेतु आयोजित कार्यक्रम में आस्था का एक विरल और भावपूर्ण दृश्य उभरकर सामने आया। तपती धरती, झुलसाती धूप और बिना किसी थकान के उनके इस आध्यात्मिक संकल्प ने पूरे जुलूस को एक अलग ही भावभूमि प्रदान की। इस अवसर पर महामंडलेश्वर रामप्रिय दास महाराज, रामानुज शास्त्री अयोध्या, शंभू कृष्णानंद महाराज सहित अनेक संतों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की।







जुलूस के दौरान आंदोलन में धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक और व्यापारिक संगठनों के साथ किन्नर समाज की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, पूर्व विधायक निशंक जैन, भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेश तिवारी, विधायक प्रतिनिधि संजय रघुवंशी, देवेंद्र वर्मा, निस्वार्थ गो सेवा समिति के संस्थापक लालू महाराज, विजय अरोरा, गो सेवा अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं के अलावा विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि और हजारों संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। वहीं त्योंदा में भी गो भक्तों द्वारा गोमाता को साथ ले जाकर तहसील पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें गो माता के सम्मान, सुरक्षा और राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग की गई। इस अवसर पर मुरादपुरधाम महंत, मंशापूर्ण मंदिर महंत सहित अन्य संत महंत एवं सैकड़ों की संख्या में गो भक्त मौजूद रहे।

## किसान न्याय सत्याग्रह का 14 वां दिन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

युवा कांग्रेस द्वारा किसानों के हक में पिछले 14 दिनों से किए जा रहे 'किसान न्याय सत्याग्रह' स्थल पर एसडीएम अनुभा जैन ने पहुंचकर कार्यकर्ताओं से चर्चा की। प्रशासन ने युवा कांग्रेस की किसान हितैषी मांगों पर विचार करते हुए उन्हें जल्द पूरा करने का सकारात्मक आश्वासन दिया है। सत्याग्रह को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आकाश शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि, यह सत्याग्रह अन्नदाता के सम्मान की लड़ाई है। प्रशासन ने आज आश्वासन तो दिया है, लेकिन यदि इन मांगों को समय सीमा के भीतर अमलीजामा नहीं पहनाया गया, तो यह आंदोलन आने वाले समय में और भी उग्र रूप धारण करेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

किसानों के संरक्षण हेतु भारत-अमेरिका ट्रेड डील को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए। गेहूं, चना और मसूर की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अविलंब शुरू हो। तेवड़ा में 0% कटौती की अन्यायपूर्ण नीति को समाप्त किया जाए। भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल की व्यवस्था, धर्मकांटों की संख्या में वृद्धि और तुलाई प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। मंडी परिसर में पुलिस चौकी की स्थापना और किसानों हेतु आपातकालीन चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री विद्या यादव, जिला पंचायत सदस्य दीक्षा लोधी, बहादुर सिंह दांगी, राजेश महेश्वरी, कांग्रेस पार्षद सतीश कटारे, संतोष शर्मा, दिनेश जैन, लखपत सिंह जादौन, संतोष अहिरवार, रविंद्र रघुवंशी, खूब सिंह लोधी, राघवेंद्र शर्मा, सौरभ , संग्राम गुर्जर, सत्यम बाजपेई, ओम रघुवंशी, अंशुल शर्मा, कपिल यादव, जैद मोहम्मद, नरेंद्र रघुवंशी , लाखन सिंह गुर्जर सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

खाद बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों के देशव्यापी बंद का नगर के कृषि आदान विक्रेता संघ ने भी समर्थन करते हुए सोमवार को अपने प्रतिष्ठान बंद रखे और अपनी मांगों को लेकर एसडीम अनुभा जैन को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि देश के खाद बीज और कीटनाशक व्यापारियों के राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन के आव्हान पर 27 अप्रैल को देशभर में एक दिन का सांकेतिक बंद रखा गया है। इस बंद के समर्थन में कृषि आदान विक्रेता संघ गंजबासौदा एवं संबंधित व्यापार के एवं अन्य कीटनाशक एवं खाद बीज संगठनों ने अपना समर्थन दिया है। संगठन के अनुसार व्यापारियों की लंबित मांगों के समाधान नहीं होने के विरोध में यह कदम उठाए जा रहे है। महाराष्ट्र में अनिश्चितकालीन बंद के समर्थन में सभी राज्यों में व्यापारी आगामी 27 अप्रैल को हड़ताल पर रहे। गंज बासौदा में भी व्यापारियों ने रैली निकाल कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम अपनी मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर अपना विरोध दर्ज कराया। कृषि आदान विक्रेता संघ के पदाधिकारी अमित चौकसे ने बताया कि मांगों में उर्वरक पर डीलर मार्जिन बढ़ाना, रिटेलर तक सीधे आपूर्ति व्यवस्था लागू करना, सैंपल फेल होने पर निर्माता कंपनियों पर कार्रवाई, बीज विक्रय योजना को कंपनियों तक सीमित रखना, जबरन उत्पाद टैगिंग पर रोक और ई टोकन प्रणाली को स्थगित करना शामिल है। साथ ही चेतावनी दी है कि समस्याओं का समाधान न होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।

### विश्वकर्मा महापंचायत संगठन की बैठक 30 अप्रैल को

**गंजबासौदा।** श्री विश्वकर्मा महापंचायत संगठन भारत द्वारा समाज के सर्वांगीण विकास और सामाजिक एकजुटता को लेकर बैठक का आयोजन गुरुवार को सुबह 11 बजे दाद्जी प्लाजा बरेठ रोड पर किया गया है। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में समाज बंधुओं से उपस्थित होने की अपील की गई है।

## अहिरवार समाज नगर अध्यक्ष बने सरदार

**गंजबासौदा।** अहिरवार समाज संघ के जिला अध्यक्ष बबलू अहिरवार का गत दिवस क्षेत्र में दौरा हुआ। इस दौरान भंग पड़ी हुई कार्यकारिणी को लेकर समाज के जिम्मेदार साथियों के बीच में बैठक हुई। बैठक उपरांत जिला अध्यक्ष बबलू अहिरवार ने सरदार सिंह अहिरवार वार्ड क्रमांक 9 सिंधी कालोनी के पार्षद प्रतिनिधि को गंज बासौदा अहिरवार समाज का नवीन नगर अध्यक्ष बनाए जाने की अनुशंसा की। प्रांतीय अध्यक्ष एमएल वर्मा पूर्व डीएसपी द्वारा यह नियुक्ति की गई। बैठक में संभागीय सदस्य संतोष अहिरवार, जिला कोषाध्यक्ष अध्यक्ष डॉ राजेश अहिरवार, अमन सिंह सूर्यवंशी ब्लाक अध्यक्ष, संजय कुमार अहिरवार, पूर्व नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर सूर्यवंशी, रामकरण अहिरवार, नीतेश सूर्यवंशी, शिवराज सिंह, राज अहिरवार, विक्की अहिरवार, वीरेंद्र अहिरवार, अमित कुमार, बिट्टू अहिरवार, कुंदन सिंह, हरिसिंह, धर्मेंद्र अहिरवार, गोविन्द, मुरारी अहिरवार, रवि अहिरवार आदि समाज के लोगों ने नवनियुक्त नगर अध्यक्ष का फूल मालाओं से स्वागत कर बधाइयां दीं।



## स्व गणना जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य एमसी शर्मा के निर्देशन में स्व गणना जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एमसी शर्मा ने बताया कि भारत की यह 16 वीं जनगणना है जो 2026-27 में दो चरणों में हो रही है। प्रथम चरण में हाउस लिस्टिंग घरों की जानकारी एवं द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना लोगों की जानकारी का कार्य किया जाएगा। जनगणना का उद्देश्य देश की जनसंख्या, शिक्षा, रोजगार और जीवन स्तर की सही जानकारी जुटाना होता है। ताकि सरकार योजनाएं बना सके। मास्टर ट्रेनर प्रदीप चौरसिया ने स्व गणना के बारे में बताया कि इसमें आप खुद मोबाइल या ऑनलाइन पोर्टल से अपनी जानकारी भर सकते हैं, यह पहली बार डिजिटल तरीके से किया जा रहा है। स्व गणना 30 अप्रैल तक की जा सकती है। इसके बाद एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा जय स्तंभ चौक पर गीत के माध्यम से स्व गणना हेतु लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अश्विनी मिश्रा द्वारा गीत जनगणना का उत्सव है हमें मिलकर मनाना है की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में पुलिस यातायात प्रभारी निरपत सिंह लोधी, सुपरवाइजर अनिल दुबे, प्रगणक दिनेश ओझा, आलोक नायक, सचिन ख़ापरे, अश्वनी मिश्रा, के के मिश्रा, नीलेश अहिरवार, योगेश चौरसिया, विजय शर्मा, लख्मीचंद साहू , पंकज दुबे उपस्थित रहे। स्वयंसेवक प्रशांत साहू, शिवा मीना, कुलदीप ,गोरव हरिओम, मोहिनी राय, अनमोल, राधिका, रागनी, कृष्णम, शुभम विशेष रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### बार-बार बिजली गुल होने से लोग परेशान

**गंज बासौदा।** इन दिनों नगर के अलग अलग वार्डों में सुबह से लेकर शाम तक दिन में कई बार विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली प्रदाय बंद किया जा रहा है। जिसके कारण नागरिकों को गर्मी के मौसम में बगैर पंखा, कूलर के समय गुजारना पड़ा। उपभोक्ताओं ने विद्युत कंपनी से अघौषित विद्युत कटौती बंद करने की मांग की है।

## साप्ताहिक श्रमदान अभियान का 29 वां चरण संपन्न

# बेतवा नदी के रिपटा घाट से बड़ी मात्रा में निकाला कचरा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 श्रमदान दल के तत्वावधान में रविवार को उनतीसवां चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह अभियान अब एक नियमित गतिविधि नहीं, बल्कि समाज में परिवर्तन की सशक्त पहल बन चुका है। विगत पाँच वर्षों से यह प्रयास लगातार जारी है।

नदियों की स्वच्छता के लिए समर्पित यह अभियान यह साबित करता है कि बदलाव के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतरता सबसे बड़ी ताकत होती है। गंज बासौदा के युवाओं का यह संगठन अब अपने शहर तक सीमित नहीं रहा। श्रमदान दल की एक अन्य शाखा विगत तीन वर्ष से राजस्थान के कोटा स्थित भीतरिया कुण्ड घाट पर चंबल नदी की सफाई में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। यह विस्तार एक छोटे प्रयास के बड़े जनआंदोलन में बदलने का संकेत है। हर सप्ताह नदी से कई क्विंटल कचरा निकाला जाता है, लेकिन दुखद यह है कि कुछ ही दिनों में स्थिति पहले से भी बदतर हो जाती है। यह केवल प्रदूषण नहीं, बल्कि समाज की संकीर्ण और लापरवाह मानसिकता का स्पष्ट परिचायक है। समस्या गंदगी नहीं, सोच है जहां एक ओर श्रमदान दल के सदस्य अपने साप्ताहिक अवकाश में दिन में भी निस्वार्थ भाव से सफाई में जुटे हैं। वहीं दूसरी ओर कुछ लोगों की लापरवाही पूरे प्रयास पर पानी फेर देती है। इससे स्पष्ट होता है कि असली लड़ाई नदी की गंदगी से नहीं, बल्कि सोच की गंदगी से है। इस अभियान का उद्देश्य केवल कचरा हटाना नहीं, बल्कि लोगों की मानसिकता बदलना भी है। जब तक समाज अपनी जिम्मेदारी को नहीं समझेगा, तब तक हर सफाई अधूरी ही रहेगी। उनतीसवें चरण में दीपेश शर्मा, सूर्य प्रताप सिंह राजपूत, जसवंत सिंह राजपूत, दिनेश चौरसिया, राकेश रघुवंशी, राहुल कुशवाह, आकाश जैन सहित अरनब रघुवंशी, नक्षत्र राजपूत, अभिनव शर्मा एवं जैत्र राजपूत ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। इन सभी का समर्पण इस अभियान की ताकत और प्रेरणा है।

## विशाल शिवलिंग देखने उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र में चल रहे 41 फीट के विशाल शिवलिंग के दर्शनों के लिए अधिक संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। यह दृश्य देखते ही बनता है, क्योंकि ऐसा आयोजन शहर में पहली बार हो रहा है 41 फीट शिवलिंग के साथ साथ देवी देवताओं की चेतन्य झांकी के दर्शन भी हो रहे हैं। लोग राजयोग मेडिटेशन की अनुभूति कर रहे हैं कार्यक्रम के कैंपस में आते ही शांति की अनुभूति महसूस कर रहे हैं। ऐसे कार्यक्रम के प्रति शहर के नागरिकों में बहुत उत्साह है।

ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि सदाकाल के सुख-शांति का वरदान एक निराकार शिवबाबा से ही मिलता है, कोई देहधारी गुरु से नहीं। पारलौकिक बाप की भारतवासी शिवजयंती वा शिवरात्रि भी मनाते हैं। शिवबाबा आए हैं अब तुम्हें मुक्ति-जीवनमुक्ति की, शांतिधाम-सुखधाम की राह दिखाने, दीदी ने कहा कि बाल कलाकार द्वारा परमात्मा शिव का सत्य परिचय देकर स्वर्णिम संस्कृति के दर्शन के साथ उपस्थित श्रोतागण को एक आनंद की सुखद अनुभूति कराई। ब्रह्माकुमारी द्वारा आयोजित 'शिव दर्शन से स्वर्णिम संस्कृति' कार्यक्रम में कलाकारों ने अपनी कला की प्रस्तुति देते हुए बताया कि न सुंदरता, न धन, न शक्ति, न विज्ञान, समाज की कोई भी शक्ति सतयुग नहीं ला सकती लेकिन मनुष्य का पवित्र मन, दिव्य बुद्धि, सुनहरे संस्कार ही स्वर्ग ला सकता है। परमपिता परमात्मा शिव के द्वारा सिखाये जा रहे राजयोग के माध्यम से ही यह तीनों प्राप्त कर सकते है और स्वर्णिम संस्कृति का निर्माण कर सकते है। उन्होंने कहा "भारतीय संस्कृति को पूरे विश्व ने स्वीकार किया है। कार्यक्रम के आयोजक एवं ब्रह्माकुमारी रुकमणी दीदी ने बताया "यह कलाकार कला का प्रदर्शन करने नहीं लेकिन हमारी प्राचीन संस्कृति को उजागर करने आये हैं। हम उस संस्कृति कला द्वारा अपने मन को प्रभु पिता में लगायें,कला द्वारा प्रभु मिलन की अनुभूति करें। नन्दनी दीदी ने कहा सतयुग की परिभाषा है कि पवित्रता, सुख, शांति और समृद्धि संपन्न हरेक व्यक्ति हो। हम ऐसे सतयुग का अनुभव करें। हमारा जीवन गुणों से भरा हुआ हो तभी दिव्य गुणों की खुशबू फैलेगी।

## नरवाई की आग पर नहीं लग रहा विराम



**गंजबासौदा।** शासन द्वारा किसानों को जागरुक करने के बाद भी विगत एक पखवाड़े से खेतों में खड़ी नरवाई में आग लगाने की घटनाओं में लगातार इजाफा होता रहा है। इलाके भर में किसान गेहूं की कटाई से निपट चुके हैं और उनके खेतों में नरवाई खडी है। अब किसान प्रतिबंध के बावजूद खेतों में खड़ी गेहूं की नरवाई में आग लगा रहे हैं। नरवाई में आग लगने से काफी नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। इलाके में आए दिन नरवाई जलाने की घटनाएं हो रही हैं और प्रशासन द्वारा किसानों पर कार्रवाई की जा रही है। इसके बाद भी आग लगाने की घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। रविवार को देर रात्रि के समय पचमा के आगे अनेक खेतों में खड़ी नरवाई में आग लगा दी गई, जो हवा के संपर्क में आकर आसपास के खेतों में फैल गई।

## खबर संक्षेप

### इंद्रा जैन का देवलोक गमन



**सिरोंज।** किरण फाउंडेषन के सचिव व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ राकेष भार्गव ने बताया कि विदिषा के एसएटीआई देवेन्द्र कुमार जैन सिंघई की बहन इंद्रा जैन का 26 अप्रैल को देवलोक गमन के बाद उन्होने किरण फाउंडेषन के माध्यम से नेत्रदान किया। इस मौके पर डॉ राकेश भार्गव द्वारा नेत्रदान,देहदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कॉर्नियल अंधापन आंख की सामने की पारदर्शी परत से पीड़ति लोगों को रोशनी वापस दिलाता है, जिससे वे स्वतंत्र जीवन जी पाते हैं। वही यह प्राप्तकर्ताओं को शिक्षा, काम और समाज में योगदान करने में सक्षम बनाता है। अनुपयुक्त आँखों का उपयोग चिकित्सा अनुसंधान और छात्रों को पढ़ाने के लिए किया जाता है, जिससे नई तकनीकों का विकास होता है। आज दुनिया भर में कॉर्निया की भारी कमी है, और नेत्रदान इस अंतर को पाटने में मदद करता है। यह एक सरल प्रक्रिया है जो अंतिम संस्कार में बाधा नहीं डालती और दाता के चेहरे पर कोई निशान नहीं छोड़ती। वही उन्होने देहदान के बारे में बताते हुए कहा कि यह मेडिकल छात्रों को मानव शरीर का अध्ययन करने, सर्जरी का अभ्यास करने और बीमारियों को बेहतर ढंग से समझने में मदद करता है। साथ ही यह नई दवाओं, उपचारों और सर्जिकल तकनीकों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वही मृत्यु के बाद भी दूसरों की मदद करने का एक तरीका है,जिससे समाज में करुणा बढ़ती है।

### महापौर ने कलेक्टर से की मुलाकात

**सागर।** नगर निगम सागर की महापौर संगीता सुशील तिवारी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में कलेक्टर प्रतिभा पाल से मुलाकात की। महापौर ने उनसे स्मार्ट सिटी परियोजना की समीक्षा कर बाकी कामों को पूरा कराने एवं किसी मद विशेष में राशि बाकी होने पर उसके काम लगाने की बात कही।

### बच्चों के सुरक्षित भविष्य का लिया गया संकल्प

# केडीबीएम स्कूल में हीट सेफ्टी मिशन के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज**

बढ़ती भीषण गर्मी और हीट वेव के खतरों को देखते हुए नगर के केडीबीएम इंटरनेशनल स्कूल में ह्लकेडीबीएम हीट सेफ्टी मिशनह्व के अंतर्गत एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा एक प्रभावशाली हीट सेफ्टी पोस्टर भी जारी किया गया। जिसमें दैनिक जीवन में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों को सरल एवं सहज भाषा में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व श्रीमति श्वेता आनंद त्यागी ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में वर्तमान परिस्थिति की गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार आज भीषण गर्मी और हीट वेव की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, यदि समय रहते सावधानी नहीं बरती गई तो भविष्य और भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा ही नहीं देता, बल्कि जीवन की सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी का भी पाठ पढ़ाता है। बच्चों को आज से ही प्रकृति के प्रति जागरूक एवं उत्तरदायी बनाना आवश्यक है।

#### विद्यार्थियों को गर्मी से बचाव हेतु बताते महत्वपूर्ण उपाय

इस अवसर पर श्रीमति श्वेता आंनद त्यागी ने विद्यार्थियों को गर्मी से बचाव हेतु प्रतिदिन अपनाए जाने वाले महत्वपूर्ण



उपाय बताए, जिनमें सुबह से पर्याप्त पानी पीकर शरीर को हाइड्रेट रखना, दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक अनावश्यक रूप से बाहर न निकलना, बाहर जाते समय सिर ढकना तथा हल्के रंग के सूती वस्त्र पहनना,घर एवं विद्यालय में ठंडी और हवादार जगह पर रहना तथा नींबू पानी,छाछ,आम पना जैसे प्राकृतिक पेयों का सेवन करना शामिल है। इस दौरान छात्र सहज शर्मा एवं आनंदी नेमा ने कहा कि हीट वेव से बचाव केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने सभी से अपील की कि अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें और सुरक्षा उपायों की जानकारी दें। विद्यालय के शिक्षक रिंकिश जैन एवं कृष्ण कुमार ने विद्यार्थियों को समझाया कि यदि चक्कर आना,सिरदर्द, अत्यधिक प्यास लगना या कमजोरी महसूस हो तो तुरंत छायादार स्थान पर जाएं तथा आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सक से संपर्क करें।

#### समाज को जागरूक करने का लिया संकल्प

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों हितैषी,रितिका, सोनम, कार्तिक, अंश, दिव्यांश, तनिष, वीर, अर्चित, पाखी, अनन्या, अतुल्य, रिंसी,अक्षिता,पलक,नैंसी सहित अन्य विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं भी सुरक्षित रहेंगे और समाज को भी जागरूक करेंगे। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण पक्ष पर्यावरण संरक्षण भी रहा। इस अवसर पर संकल्प लिया गया कि भविष्य में गर्मी की समस्या को कम करने हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाएगा, शहर को हरा-भरा बनाने के लिए इंदौर मॉडल की तर्ज पर पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा तथा गर्मी के मौसम में पशु-पक्षियों के लिए पानी के सकोरे एवं नांद रखे जाएंगे, ताकि वे भी इस भीषण गर्मी से सुरक्षित रह सकें। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक स्वर में संदेश दिया कि सचेत रहें, सुरक्षित रहें, स्वस्थ रहें। आज की सावधानी ही कल का सुरक्षित भविष्य है।

### जिला स्तरीय ताइक्वांडो चौंपियनशिप

# सिरोंज के खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, जीते 15 पदक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज**




मध्य प्रदेश ताइक्वांडो संघ भोपाल की निर्देशन में जिला ताइक्वांडो संघ विदिशा द्वारा इंटर क्लब ओपन जिला स्तरीय ताइक्वांडो चौंपियनशिप विदिशा-2026 का आयोजन खेल स्टेडियम विदिशा के बैडमिंटन हॉल में किया गया। जिसमें विदिशा जिले की समस्त ब्लॉकों की ताइक्वांडो टीमों ने भाग लिया।

इस अवसर पर सिरोंज से आदर्श ताइक्वांडो क्लब के 15 खिलाड़ियों ने उक्त प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता की और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वजन वर्ग एवं फ्रेशर वर्ग में कुल 08 स्वर्ण पदक,04 रजत पदक एवं 03 कांस्य पदक अपने नाम किए। इस प्रकार कुल 15 पदक आदर्श ताइक्वांडो क्लब सिरोंज के खिलाड़ियों ने प्राप्त कर प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। ताइक्वांडो के सबजूनियर वजन वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में वेद व्यास यू - 18 एवं तेजस्विनी कुशवाह यू -26 किलोग्राम, इसी प्रकार ताइक्वांडो के कैडेट वजन वर्ग में समर्थ दिनकर यू -33 किलोग्राम और हर्षित वैरागी यू - 41 किलोग्राम में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। ताइक्वांडो के फ्रेशर वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में तत्व जैन,आराध्य सोनकुसले,रामानुजन कृष्णा यादव और कु.आराध्या सोनकुसले शामिल हैं। इसी प्रकार ताइक्वांडो वजन वर्ग में रजत पदक प्राप्त करने वालों में वेदाशी जैन और दिव्यांश पाल शामिल हैं। ताइक्वांडो के फ्रेशर वर्ग में रजत पदक प्राप्त करने वालों में जैस्मिन असेहा शामिल हैं।

वही ताइक्वांडो के पुमसे इवेंट में एकमात्र खिलाड़ी अंश शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रजत पदक प्राप्त किया है और ताइक्वांडो के फ्रेशर वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त करने वालों में देवांश जैन, पार्थ भार्गव और याशिका कुशवाह शामिल हैं। जिसमें तत्व जैन ने प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया और सभी दर्शकों के साथ साथ सभी रेफरियों का भी मन मोह लिया।

## 10 वर्षों बाद आगमन पर धर्ममय हुआ शहर



**सिरोंज।** सकल जैन समाज के लिए इन दिनों अत्यंत हर्ष और गौरव का वातावरण बना हुआ है। आचार्य देवेश श्रीमद्विजय हितेशचंद्र सूरीश्वरजी म.सा. का 10 वर्षों पश्चात एवं आचार्य पद प्राप्ति के बाद प्रथम बार इंदौर आगमन होने से समाजजनों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। रविवार को जयंत धाम से पूज्य आचार्यश्री आदि ठाणा का भव्य नगर प्रवेश हुआ, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन दर्शन-वंदन एवं मंगल अगवानी हेतु उपस्थित रहे। अब इसी श्रृंखला में नीलकंठ कॉलोनी क्षेत्र में भव्य मंगल प्रवेश का आयोजन किया गया। प्रातः 8 बजे शंकरगंज जिंसी चौराहा (संघवीजी की दुकान) से सामैया प्रारंभ हुआ, जो श्रद्धा और भक्ति के साथ श्री राज राजेंद्र लेखेंद्र आराधना भवन पहुंचा। इस मंगल प्रवेश में आचार्य देवेश श्रीमद्विजय हितेशचंद्र सूरीश्वरजी म.सा. के साथ मुनिराज श्री दिव्यचंद्रविजयजी म.सा., मुनिराज श्री पुष्पेंद्रविजयजी म.सा., मुनिराज श्री रूपेन्द्रविजयजी म.सा. एवं मुनिराज श्री वैराग्ययशविजयजी म.सा. का भी मंगल आगमन हुआ। वही प्रातः 9 बजे आचार्यश्री के पावन प्रवचन हुए, जिसके पश्चात नवकारसी का आयोजन किया गया। वही समाजजनों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त किया। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का वातावरण बना हुआ है तथा जैन समाजजनों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### कांग्रेस नेताओं ने किसानों की बीच पहुंचकर किया संवाद

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का मंडी प्रांगण में किसान सत्याग्रह

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज**



सोमवार को ब्लॉक,नगर व देवपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा मंडी प्रांगण में किसान सत्याग्रह का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से किसानों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना और उनसे संवाद स्थापित किया।

कार्यक्रम में किसानों ने अपनी प्रमुख समस्याओं को रखते हुए बताया कि उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनका आर्थिक संकट लगातार गहराता जा रहा है। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की मोहन सरकार की नीतियों और नाकामियों को उजागर किया। वही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश यादव ने सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि आज किसान दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर है। सरकार द्वारा किसानों से किए गए वादे लगातार झूठे साबित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों की उपज की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर नहीं की जा रही है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों के हक की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी किसानों के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेगी। वही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवपुर अध्यक्ष अर्जुन राजपूत ने कहा कांग्रेस हमेशा से किसानों और गरीबों शोषित वंचितों के हक की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी। कार्यक्रम के अंत में किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार आवाज उठाई गई। इस मौके पर कार्यक्रम में किसान कांग्रेस नेता सुरेन्द्र रघुवंषी, विधानसभा प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता भारतदीप मेहता, अशोक यादव, रामदयाल विश्वकर्मा ,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अंसार खान, देवपुर ब्लाक अध्यक्ष अर्जुन राजपूत, अतीक मंसूरी, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सेफ़ू गौरी,डॉ. सुभान गोरी,बिलकिस जहां आदि मौजूद रहे।

# गौ सम्मान आह्वान अभियानः सैकड़ों गौ भक्तों ने एसडीएम को सौंपा प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर**

गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत ग्यारसपुर में सोमवार को हजारों गौ भक्तों ने विशाल रैली निकालकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

रैली की शुरुआत खजियाबाग स्थित हनुमान मंदिर से हुई, जहां से श्रद्धालु उत्साह और भक्ति के साथ मुख्य मार्गों से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे। रैली के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा फूल वर्षा की गई तथा गौ भक्तों के लिए शीतल जल की व्यवस्था भी की गई। पूरे मार्ग में जय गौ माता के जयघोष गूंजते रहे, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया।यह रैली खरेरा धाम के महंत श्री श्री 1008 रामदास जी महाराज के सानिध्य में निकाली गई। एसडीएम कार्यालय पहुंचकर गौ भक्तों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में प्रमुख रूप से देशभर



में गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने, गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा गोवंश की सुरक्षा के लिए सख्त केंद्रीय कानून बनाने की मांग की गई। साथ ही गो पालन मंत्रालय की स्थापना कर इस दिशा में ठोस और संस्थागत प्रयास करने की बात भी रखी गई।ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि भारत में गोवंश केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। गौ भक्तों ने यह भी कहा कि यदि गोमाता को राष्ट्रीय सम्मान दिया जाता है, तो इससे सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूती मिलेगी।

### औचक निरीक्षण में व्यवस्थाएं दुरुस्त, अब केंद्र पर किसानों को मिल पा रहीं हैं बेहतर सुविधाएं

**हैदरगढ़।** ग्यारसपुर तहसील के हैदरगढ़ अंतर्गत गुन्नोठा यूसुफ़गंज स्थित उपार्जन केंद्र जगदीश वेयरहाउस का एसडीएम शशि मिश्रा एवं नायब तहसीलदार राजेंद्र सेन द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने केंद्र पर मौजूद सभी कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उनकी समस्याओं का समय पर समाधान किया जाए। निरीक्षण के दौरान उपार्जन केंद्र पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया, जहां सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक और गुणवत्तापूर्ण पाई गईं। किसानों के लिए बैठने, पेयजल एवं तुलाई की समुचित व्यवस्था उपलब्ध थी। नायब तहसीलदार राजेंद्र सिंह ने बताया कि केंद्र पर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है।उन्होंने यह भी कहा कि किसानों का गेहूं समय पर तौला जा रहा है और पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संचालित हो रही है। प्रशासन द्वारा निगरानी रखी जा रही है ताकि उपार्जन कार्य सुचारू रूप से चलता रहे और किसानों को बेहतर सेवाएं मिलती रहें।

### मोहिनी एकादशी पर उदयगिरि परिक्रमा

**विदिशा।** मोहिनी एकादशी के अवसर पर मप्र प्रांतीय पुजारी महासभा द्वारा उदयगिरि परिक्रमा का आयोजन सनातन धर्म में माता का स्थान प्राप्त गौ माता के सम्मान में की गई। गौ माता को राष्ट्रीय संरक्षण प्राप्त हो इसकी मांग की गई। सुबह 5 :30 बजे वेंकटेश बालाजी से मंदिर से परिक्रमा



प्रारंभ हुई जो मां वेत्रवती के विभिन्न घाटों से होती हुई उदयगिरी पर्वत का परिक्रमा कर चरण तीर्थ मंदिर पर आकर मां वेत्रवती का पूजन कर वेंकटेश बालाजी मंदिर पर आकर दोपहर 1 बजे विश्राम हुई। परिक्रमा के संचालक पंडित संजय पुरोहित द्वारा बताया गया की परिक्रमा का मूल उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण धर्म संरक्षण एवं समरसता का भाव है।

# भीषण गर्मी में राहतः निकायों में 82 प्याऊ स्थापित, पशु-पक्षियों के लिए विशेष इंतजाम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा**

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में विदिशा जिले के नगरीय निकायों द्वारा भीषण गर्मी से राहत देने के लिए सराहनीय पहल की गई है। आमजन के साथ-साथ पशु-पक्षियों के लिए भी पीने के पानी की व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

जिले के सभी नगरीय निकायों द्वारा अब तक 82 प्याऊ स्थापित किए जा चुके हैं। इन प्याऊ की स्थापना में न केवल निकायों की भूमिका रही है, बल्कि जनसहयोग से भी बड़ी संख्या में प्याऊ लगाए गए हैं। आवश्यकता के अनुसार निकाय एवं आमजन के संयुक्त प्रयासों से आगे भी नए प्याऊ स्थापित किए जा रहे हैं। इन व्यवस्थाओं में पारंपरिक मटका एवं टंकी वाले प्याऊ के साथ-साथ आधुनिक वॉटर कूलर भी लगाए गए हैं, जिससे लोगों को ठंडा और स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सके। विशेष बात यह है कि इस पहल में केवल आम नागरिकों का ही नहीं, बल्कि पशु-पक्षियों का भी ध्यान रखा गया है। मवेशियों के लिए पानी के हौद बनाए गए हैं, वहीं पक्षियों के लिए पेड़ों पर पानी से भरे सकोरे टांगे गए हैं, ताकि गर्मी में उन्हें भी राहत मिल सके। इसके अतिरिक्त, नगरीय निकायों द्वारा आवारा कुत्तों के लिए भोजन के स्थान भी चिन्हित किए जा रहे हैं, जिससे उन्हें भी भोजन उपलब्ध कराया जा सके। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के इन प्रयासों को व्यापक स्तर पर सराहना मिल रही है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने डूडा के परियोजना अधिकारी जाबिर खान को निर्देशित किया है कि जिले के सभी निकायों में पेयजल व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करें।

### शक्ति संकुल गोदाम का किया निरीक्षण

**विदिशा।** ग्यारसपुर एसडीएम शशि मिश्रा द्वारा शक्ति संकुल गोदाम धामनोद का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोदाम में रखे गए अनाज के भंडारण, गुणवत्ता, साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। एसडीएम श्रीमती मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोदाम में रखे गए खाद्यान्न का उचित संरक्षण सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी प्रकार की क्षति या खराबी न हो। उन्होंने भंडारण व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने, नियमित निगरानी करने एवं रिकॉर्ड संधारण में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

### इंदिरा जैन का नेत्रदान हुआ

**विदिशा।** स्वर्णकार कॉलोनी निवासी इंदिरा जैन के निधन के बाद उनका नेत्रदान हुआ। मेडिकल कॉलेज के नेत्र विभाग के चिकित्सकों ने इंद्र जैन का उनके निवास पर पहुंचकर नेत्रदान संपन्न कराया। मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों की टीम में डॉ राकेश मीना, डॉ मीमांसा, डॉ योगेश, डॉ सुरभि, नर्सिंग ऑफिसर आशीष शामिल रहे। नीता सर्राफ के अथक प्रयासों से नेत्रदान जैसा पूर्ण कार्य हुआ।



### वोल्टेज से उपकरण जले, रातभर गुल रही बिजली

**विदिशा।** गल्ला मंडी क्षेत्र में रविवार देर रात अचानक बिजली का वोल्टेज बढ़ने से कई घरों के विद्युत उपकरण जल गए। रात करीब 11 बजे वोल्टेज इतना अधिक हो गया कि एलईडी बल्ब फूट गए और कूलर, पंखे व फ्रिज खराब हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में रातभर बिजली गुल रही, जिससे भीषण गर्मी में लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। स्थानीय निवासी मानव जैन और रोहित ने बताया कि बार-बार शिकायत के बावजूद विद्युत विभाग से कोई जवाब नहीं मिला। अरिहंत विहार फीडर में अक्सर खराबी आने की बात भी सामने आई है। सुबह करीब 4 बजे बिजली बहाल हुई। उपभोक्ताओं ने नुकसान का मुआवजा देने और व्यवस्था सुधारने की मांग की है। विद्युत वितरण कंपनी ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

# तपती दोपहरी में गूंजा गो रक्षा का स्वर, शमशाबाद में जनसैलाब ने उठाई राष्ट्र माता घोषित करने की मांग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद**

भीषण गर्मी और तपती दोपहरी भी उस आस्था को नहीं रोक सकी, जब 'गो सम्मान आह्वान अभियान' के तहत सैकड़ों किसान, महिलाएं और बुजुर्ग सड़कों पर उतर आए।

नए बस स्टैंड से शुरू हुई यह अनोखी रैली गो माता को राष्ट्र माता घोषित करो के गगनभेदी नारों के साथ तहसील कार्यालय तक पहुंची, जहां हर कदम पर गो रक्षा का संकल्प झलक रहा था।हाथों में तख्तियां, सिर पर हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन के बंडल और चेहरे पर दृढ़ निश्चय यह सिर्फ एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि गो रक्षा के प्रति समर्पण का जीवंत चित्र था। महिलाएं और बुजुर्ग भीषण गर्मी में पैदल चलकर इस अभियान का हिस्सा बने, जिससे पूरे



क्षेत्र में एक अलग ही ऊर्जा देखने को मिली।तहसील कार्यालय पहुंचकर सभी ने मिलकर एसडीएम अजय प्रताप सिंह , तहसीलदार प्रेमलता पाल को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम 12 हजार लोगों के हस्ताक्षर की प्रतियों के साथ ज्ञापन सौंपा। इस दौरान एक गो-भक्त ने आस्था का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए पिंड भरकर ज्ञापन देने पहुंचा, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। ज्ञापन में देशभर में गो-हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, गो माता को राष्ट्र माता घोषित करने, गो सेवा के लिए केंद्रीय कानून बनाने, केंद्रीय गो सेवा मंत्रालय के गठन, गोचर भूमि संरक्षण, चारा सुरक्षा नीति और गौ-आधारित कृषि को बढ़ावा देने जैसी महत्वपूर्ण मांगें प्रमुख रूप से उठाई गईं। गो सम्मान आह्वान अभियान के प्रमुख हरिओम दास जी ब्रह्मचारी के मार्ग दर्शन में विगत डेढ़ माह में 50 से अधिक गांवों में घर घर जाकर आमजनों के हस्ताक्षर कराए गए हैं लगभग 12 हजार से अधिक लोगों के हस्ताक्षर हुए हैं। जिन्हें आज ज्ञापन के रूप में सौंपा गया है।

इस अवसर पर व्यापार महासंघ अध्यक्ष प्रदीप माहेश्वरी, मुकेश धाकड तहसील प्रमुख, कुबेर धाकड़, दीपक प्रसाद, राम सिंह, हेमंत मेहर, अभिषेक धाकड़,मनोज विश्वकर्मा, रितिक प्रजापति, कमल सिंह राजपूत, मनोज पटेल, सागर कुशवाह, माखन धाकड़, बलवीर पटेल, थान सिंह, आकाश धाकड़, पूरन सिंह , जमना प्रसाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, आमजन उपस्थित रहे।

# महिला स्व-सहायता समूह ने संभाली उपार्जन केंद्र की कमान

**सुव्यवस्थित संचालन से किसानों को मिल रही सुविधा, पारदर्शिता पर विशेष जोर**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नटेरन**



सोमवार को प्रशासन द्वारा नटेरन तहसील में स्थापित नए उपार्जन केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। ग्राम नटेरन स्थित माँ पीताम्बरा उपार्जन केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में वेयरहाउस संचालक अंशुज शर्मा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशपाल रघुवंशी, किसान संघ के जिला अध्यक्ष, महिला स्व-सहायता समूह की सदस्याएं एवं क्षेत्र के दर्जनों किसान उपस्थित रहे। इस वर्ष केंद्र के संचालन की जिम्मेदारी महिला स्व-सहायता समूह को सौंपी गई है। समूह की महिलाओं ने जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करते हुए व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने का सराहनीय प्रयास किया है। केंद्र पर तौल, पंजीयन, भंडारण एवं परिवहन की प्रक्रिया सुनियोजित ढंग से संचालित की जा रही है, जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने में सहूलियत मिल रही है।

महिला समूह की सक्रियता के चलते किसानों को अनावश्यक इंतजार नहीं करना पड़ रहा है और पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न हो रही है। समूह की सदस्याएं प्रतिदिन समय पर उपस्थित होकर कार्यों का विभाजन करती हैं तथा आपसी समन्वय से व्यवस्थाएं संभाल रही हैं। केंद्र पर साफ-सफाई, दस्तावेजों का संधारण और किसानों से संवाद पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्थानीय किसानों ने महिला समूह के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पहले जहां अव्यवस्थाएं देखने को मिलती थीं, अब कार्य सुचारू रूप से हो रहा है। महिलाओं की भागीदारी से न केवल व्यवस्था में सुधार हुआ है, बल्कि आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिला है। महिला स्व-सहायता समूह की यह पहल अन्य उपार्जन केंद्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रही है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम साबित हो रही है।

## देर रात तक बेचैन रहते हैं पुरानी बस्ती के रहवासी, अभी दो दिन और सताएगी गर्मी

# हाय रे गर्मी... आसमान से बरस रही आग, लू की चपेट में रायसेन, पारा भी जा पहुंचा 42 डिग्री पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

अप्रैल माह के अंतिम दिनों में ही रायसेन जिले में गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। सोमवार को शहर का अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। तेज धूप और लू के थपेड़ों ने दोपहर के समय सड़कों को सूना कर दिया है। वहीं शाम ढलने के बाद भी गर्म लू भरी हवाओं से राहत नहीं मिल पा रही है।

शहर की पहचान मानी जाने वाली रायसेन किले और सीता तलाई पहाड़ी इन दिनों तपती भट्टी की तरह गर्म हो गई है। दिनभर सूरज की सीधी किरणें पत्थरों को इस कदर गर्म कर देती हैं कि शाम के बाद भी वहां से निकलने वाली गर्मी आसपास के इलाकों का तापमान बढ़ा देती है। खासकर किले और सीता तलाई पहाड़ी के आसपास और पुरानी बस्ती के रहवासियों को देर रात तक गर्म हवाओं का सामना करना पड़ रहा है। जिससे लोगों की रात नींद तक प्रभावित हो रही है। रात को भी भारी तपिश ने लोगो का जीना मुहाल कर दिया है ।





### स्वास्थ्य पर असर, बढ़ रहे मरीज

भीषण गर्मी और लू का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर भी दिखने लगा है। जिला अस्पताल सहित निजी क्लीनिकों में उल्टी-दस्त, डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। डॉक्टरों सौरभ जैन, डॉ एलएन गुर्जर का कहना है कि खासतौर पर बुजुर्ग, बच्चे और मजदूर वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को सलाह दी है कि वे दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और हल्के कपड़े पहनें। साथ ही, सिर को ढककर रखने और धूप में लंबे समय तक न रहने की हिदायत दी जा रही है।

### गर्मी के चलते दोपहर के समय सड़कों पर पसर जाता है सन्नाटा

तेज गर्मी के चलते दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक बाजारों में रोजाना भीषण गर्मी के चलते सन्नाटा पसरा रहता है। लोग बेहद जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। सड़कों पर वाहन कम नजर आ रहे हैं। जबकि ठंडे पेय पदार्थ, शीतल पेय और लस्सी, गन्ने का जूस आइसक्रीम की दुकानों पर भीड़ बढ़ गई है। भीषण गर्मी की मार को देखते हुए प्रशासन ने भी लोगों से सावधानी बरतने की आपील की है।

### अभी दो दिन और राहत नहीं

मौसम विभाग के विशेषज्ञ डॉ एसएस तोमर के अनुसार, अगले दो दिनों तक तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। लू का असर जारी रहने की संभावना है, जिससे गर्मी और ज्यादा परेशान कर सकती है। रात के तापमान में भी गिरावट नहीं हो रही, जिससे लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है।

### गांवों में हालात और खराब

शहर के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और ज्यादा गंभीर बनी हुई है। खेतों में काम करने वाले किसानों और मजदूरों को तेज धूप में काम करना मजबूरी है। जिससे उन्हें लू लगने का खतरा बना हुआ है। कई स्थानों पर पानी की कमी भी लोगों की परेशानी बढ़ा रही है।

### सावधानी की अपील

जिला प्रशासन ने भीषण गर्मी को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। स्कूलों के समय में बदलाव और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा सकते हैं। साथ ही, जिला स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है।

## शिकायत के लिए आगे आएं उपभोक्ता

# ग्राहकों से ठगी: 15 की पानी की बोतल 20 में बिक रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर सहित जिलेभर में इन दिनों उपभोक्ताओं से खुलेआम छोटी-छोटी रकम के जरिए ठगी का खेल चल रहा है। खासतौर पर गर्मी के इस मौसम में पानी की बोतलों को लेकर दुकानदार मनमानी कर रहे हैं। 15 रुपए एमआरपी अंकित पानी की बोतल ग्राहकों को 20 रुपए में बेची जा रही है। इतना ही नहीं, कई दुकानदार बोतल को ठंडा करने के नाम पर अतिरिक्त 5 रुपए वसूल रहे हैं।

यहां काबिले गौर करने वाली बात यह है कि यह सबकुछ खुलेआम हो रहा है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिख रही। बस स्टैंड, , बाजार और प्रमुख चौक चौराहों के आसपास यह स्थिति ज्यादा देखने को मिल रही है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग पानी खरीदते हैं। लेकिन मजबूरी में उन्हें ज्यादा कीमत चुकानी पड़ रही है।

### नियम क्या कहते हैं?

उपभोक्ता संरक्षण नियमों के अनुसार किसी भी पैक्ड प्रोडक्ट पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य (MRP) से ज्यादा कीमत वसूलना पूरी तरह गैरकानूनी है। चाहे बोतल ठंडी हो या सामान्य, दुकानदार अतिरिक्त शुल्क नहीं ले सकता।



### ग्राहक यहां करें शिकायत

अगर कोई दुकानदार एमआरपी से अधिक कीमत वसूलता है, तो उपभोक्ता इसकी शिकायत कर सकते हैं। इसके लिए उपभोक्ता हेल्पलाइन नंबर 1915 पर कॉल कर सकते हैं या राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन की वेबसाइट पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं। साथ ही, जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में भी शिकायत दी जा सकती है। लगातार मिल रही शिकायतों के बावजूद संबंधित विभाग की ओर से कोई सख्त कार्रवाई नहीं होने से दुकानदारों के हौसले बुलंद हैं। समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह लूट का सिलसिला और बढ़ेगा।

बावजूद इसके, अधिकांश दुकानदार ठंडा करने का खर्च बताकर 3 से 5 रुपए ज्यादा ले रहे हैं।

# बरेली-चैनपुर मार्ग निर्माण में लापरवाही, ग्रामीणों में आक्रोश

## केंद्रीय मंत्री से मिले ग्रामीण, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

बरेली चैनपुर मार्ग निर्माण ठेकेदार की मनमानी कार्य प्रणाली, सड़क खोद कर निर्माण न किए जाने और गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण के लिए सुर्खियों में बना हुआ है। एक दर्जन से अधिक ग्रामों के ग्रामीण कई महीनों से सड़क पर आवागमन करने मजबूर बने हुए है। ग्रामीणों के एक प्रतिनिधि मंडल ने भोपाल पहुंचकर क्षेत्रीय सांसद और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन सौंप कर बरेली चैनपुर मार्ग में ठेकेदार द्वारा बरती जा रही लापरवाही से ग्रामीणों को आ रही परेशानी से अवगत कराया। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कलेक्टर रायसेन से चर्चा कर ग्रामीणों की समस्या तत्काल हल करने के निर्देश दिए।

बरेली चैनपुर रोड़ से ग्राम गगनवाड़ा, करमवाड़ा, टिप्पा सेमरी, पांजरा मंशाराम, रिमसिली, चैनपुर, रतनपुर, खपडिय़ा खुर्द, सुल्तानपुर खेड़ा, मेहका विनेका, जनकपुर, पाली रमगढ़ा, डूगरिया सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामों के हजारों ग्रामीण किसान आवागमन करते है।

ज्ञापन में कहा कि 9 किमी लंबाई के बरेली चेनपुर मार्ग का ठेकेदार के माध्यम से 15 करोड़ 16 लाख की लागत से निर्माण कराया जा रहा है। मार्ग की चौड़ाई 7 मीटर के स्थान पर 3.75 मीटर चौड़ाई दी जा रही है। मार्ग निर्माण के साथ पुल-पुलियों का भी निर्माण कराने की मांग की गई। महिनों पूर्व ठेकेदार द्वारा डामर सडक़ खोद कर छोड़ दिए जाने, काम न करने से प्रतिदिन ग्रामीण, किसान भारी परेशान बने हुए है। मार्ग निर्माण में की जा रही अनिमित्ताओं की जांच और प्रभावी कार्यवाही किए जाने की मांग ग्रामीणों द्वारा की गई है।

### चौड़ी सड़क की मांग

15 करोड़ से अधिक राशि खर्च कर बरेली चैनपुर मार्ग का ठेकेदार निर्माण किया जा रहा है। चौड़ाई 7 मीटर के स्थान पर 3.75 मीटर रखी जा रही है। जबकि पुरानी सड़क के दोनों ओर खाली जगह है। जरूरत पड़ने पर सड़क किनारे किसान शपथ पत्र द्वारा भूमि देने को तैयार है। सड़क 7 मीटर चौड़ी निर्माण करने की प्रमुख मांग है।

**- उजियार सिंह राजपूत,** कृषक निवासी राम करमवाड़ा।

# साधु-संतों के सानिध्य एवं श्रीराम संकीर्तन के साथ निकली गौयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

सोमवार को गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत गाय संरक्षण, संवर्धन और गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने साधु-सन्तों की उपस्थिति में नगर एवं क्षेत्र के सेंकड़ों गौ भक्तों, अनेक संस्थाओं द्वारा श्रीराम नाम संकीर्तन करते हुए यात्रा निकाली गई। काली मंदिर थाना प्रांगण से प्रारंभ हुई विशाल गौ यात्रा एमडीएम कार्यालय पहुंची।

पं. चन्द्रकांत शास्त्री ने 8 सूत्री ज्ञापन का वाचन किया और राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन और हजारों हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन



सोंप कर गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिए जाने की पुरजोर मांग की गई।

काली मंदिर से प्रारंभ हुई गौ सम्मान अभियान यात्रा में सबसे आगे बापौली धाम की गौ शाला से सजे धजे नंदी महाराज, गाय और छोटा गौवंश नेतृत्व के साथ आकर्षण का केन्द्र बना रहा। पीछे साधु-सन्तों की टोली, श्रीराम संकीर्तन करते हुए गौ भक्त हाथों में तख्ती, बैनर लेकर साथ रहे।

# हम फ्रेश पर 'ताला', फूड लाइसेंस भी सस्पेंड

### हरिभूमि खबर के बाद चेता प्रशासन, तुरंत की सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

खबर का असर

विगत दिनों सागर मार्ग स्थित हम फ्रेश रेस्टोरेंट में एक ग्राहक द्वारा ऑर्डर किए डोसा में कॉकरोच निकलने से पीड़ित ग्राहक ने बकायदा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट की, जिसके वायरल होते ही हरिभूमि समाचार ने उक्त घटना क्रम को लोगों की सेहत से जुड़ा होने


हम फ्रेश के डोसा में कॉकरोच
ग्राहकों की सेहत से खुलेआम खिलवाड़
हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन
पहले से 2 जांच सैंपल पेंडिंग
ऐसे हुई गड़बड़ी उजागर
इनका कहना है

से प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। ग्राहकों की सेहत से खुलेआम किए जा रहे खिलवाड़ के इस मामले ने तूल पकड़ते ही जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासन हरकत में आ गया और जांच के बाद हम फ्रेश रेस्टोरेंट का फूड लाइसेंस निलंबित कर दिया गया।

### खाद्य विभाग की टीम को भी मिले कॉकरोच

खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र नुनइयां ने 24 अप्रैल को तुरंत मामले को संज्ञान में लेकर हम फ्रेश रेस्टोरेंट पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान रंग युक्त मिठाई, मावा एवं पनीर के नमूनों का परीक्षण चलित प्रयोगशाला में केमिस्ट द्वारा किया गया। परीक्षण में अखाद्य रंग की मिलावट नहीं पाई गई। मौके पर परिसर में अस्वास्थ्यकर स्थिति में खाद्य पदार्थों का निर्माण किया जा रहा था। सबसे गंभीर बात यह रही कि स्टोरेज चैनल में मृत कॉकरोच पाए गए, जो साफ-सफाई के प्रति लापरवाही को दर्शाता है। यही नहीं, रसोई में स्वच्छता के मानकों का पालन भी नहीं किया जा रहा था। इन कमियों को गंभीर मानते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने रेस्टोरेंट का पंजीयन निरस्त करने की अनुशंसा अभिहित अधिकारी एवं पंजीयन प्राधिकारी को भेजी। जांच रिपोर्ट के आधार पर पंजीयन प्राधिकारी ने तत्काल प्रभाव से हम फ्रेश रेस्टोरेंट का फूड पंजीयन लाइसेंस निलंबित कर दिया।

# गेंहू बेंचने, तौलने में आ रही स्लाट बुक की बाधा

## तीसरे दिन भी किसान संघ का धरना, एसडीएम ने किसानों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

25 अप्रैल से किसानों की विभिन्न समस्याओं के साथ समर्थन मूल्य पर गेंहू बेचने, तोलने में मुख्य समस्या आर बाधा स्लाट बुक करने की बनी हुई है। स्लाट बुक न होने से किसानों के गेंहू की तौल धीमी गति से होने के साथ बिल न बनने और भुगतान न होने की बड़ी मुसीबत बाधा का सामना क्षेत्र के हजारों किसानों को करना पड़ रहा है।

तीसरे दिन भी तहसील के सामने भारतीय किसान संघ का धरना आंदोलन जारी रहा। एसडीएम संतोष मुदगल ने धरना दे रहे किसानों के पास पहुंच कर चर्चा की और कहा कि स्लाट बुक की समस्या 1-2 दिन में हल हो जाएगी। किसान पदाधिकारियों ने कहा कि



जब तक किसानों की समस्याओं का हल नहीं होता किसान संघ का धरना आन्दोलन जारी रहेगा।

### क्षेत्र के किसानों में भारी असन्तोष-

इस वर्ष जिस प्रकार समर्थन मूल्य पर गेंहू, चना खरीदी की व्यवस्थाओं में गड़बड़ी एवं अव्यवस्थाएं बनी हुई है उससे समर्थन मूल्य पर गेंहू बेचने वाले हजारों किसान भारी हैरान-परेशान बने नजर आ रहे है।

गेंहू खरीदी शुरु होने तक खरीदी केन्द्र बनते रहे। लगभग 20 दिनों से किसान स्लाट बुक न होने की बनी बाधा से सर्वाधिक परेशान बने हुए है। सर्वर डाउन, फसल की सेटेलाइट सत्यापन की बाधा बनी रही। इसी कारण क्षेत्र में खरीदी केन्द्र बने दर्जनों वेयर हाउसों में गेंहू की बहुत कम मात्रा में खरीदी हो सकी है। जबकि बाड़ी, बरेली तहसीलों के किसानों द्वारा लाखों क्विंटल गेंहू प्रतिवर्ष समर्थन मूल्य पर बैचा, तौला जाता है।

### जारी रहेगा धरना

जब तक किसान संघ द्वारा सोंपे ज्ञापन में किसानों की मांगे, समस्याओं का निराकरण नहीं होता किसानों का धरना आन्दोलन जारी रहेगा। धरना दे रहे ग्रामीण क्षेत्र से आए किसान धरना स्थल पर चौबीसों घन्टे निवास कर वहीं प्रतिदिन दाल-बाटी भी बना और खा रहें है।

**- केशर सिंह धाकड़,** जिला अध्यक्ष किसान संघ।

## सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने पर जोर दिया

# हाट बाजार में पुलिस की गश्त कहा- दुकानदार रखें सावधनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र के हाट बाजार में देर शाम दीवानगंज पुलिस ने सघन गश्त की। इस दौरान पुलिस चौकी प्रभारी सुनील शर्मा, संदीप रघुवंशी सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। गश्त के दौरान चौकी प्रभारी ने बाजार के स्थाई और अस्थाई दुकानदारों से बातचीत कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर दिया।

पुलिस ने दुकानदारों से अपनी दुकानों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की, ताकि किसी भी प्रकार की वारदात होने पर फुटेज के आधार पर आरोपियों तक आसानी से पहुंचा जा सके। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और तुरंत पुलिस को सूचना देने के



लिए भी कहा गया।

बताया जा रहा है कि पहले दीवानगंज हाट बाजार में चोरी की घटनाएं अधिक होती थीं, लेकिन पुलिस द्वारा लगातार गश्त बढ़ाए जाने के बाद अब चोरी की वारदातों में कमी देखने को मिली है। स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने भी पुलिस की इस पहल की सराहना की है और इसे सुरक्षा के लिहाज से जरूरी कदम बताया है।

## साधु-संतों के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने उठाई आवाज, सौंपा ज्ञापन

# गौवंश संरक्षण के लिए सख्त कानून की मांग

**ज्ञापन में कहा - कृषि प्रधान भारत देश में गौवंश आर्थिक मजबूती का स्त्रोत**

**गौ माता भारतीय संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार स्तंभ रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

गौवंश की रक्षा, संवर्धन और भारतीय संस्कृति के संरक्षण को लेकर गौ सम्मान दिवस के अवसर पर सोमवार को साधु-संतों के नेतृत्व में अनेको सनातन धर्मावलंबी तहसील कार्यालय पहुंचे। यहां प्रधानमंत्री के नाम तहसील प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपकर गौवंश संरक्षण के लिए कठोर कानून बनाए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि कृषि प्रधान भारत देश में गौवंश आर्थिक मजबूती का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत है।



गौ माता भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार स्तंभ रही है। इसके बावजूद लगातार घटती गौवंश संख्या, गौ तस्करी, बूचड़खानों में निर्मम वध, सड़क दुर्घटनाओं तथा पॉलीथिन खाने से हो रही मौतों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। सनातन धर्मावलंबियों ने मांग की कि गौवंश संरक्षण के लिए एकीकृत राष्ट्रीय कानून बनाया जाए तथा इसके लिए स्वतंत्र मंत्रालय का गठन किया जाए। देशभर के बूचड़खानों के लाइसेंस तत्काल निरस्त कर उन्हें बंद किया जाए और गौवध करने वालों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि राज्य सरकार, केंद्र सरकार को विशेष संकल्प प्रस्ताव भेजे। देशी गाय को राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर प्राष्ट्र माता या प्राष्ट्र आराध्य के रूप में संवैधानिक मान्यता प्रदान की जाए। गौ तस्करी और गौवध को संज्ञेय एवं गैरजमानती अपराध घोषित कर दोषियों के लिए आजीवन कारावास तथा संपत्ति कुर्की का प्रावधान किया जाए।

इसके अलावा प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर गौशाला, जिला स्तर पर गौ अभ्यारण और विशाल गौशालाएं स्थापित करने, राज्य मार्गों पर गौवंश एंबुलेंस की व्यवस्था, स्कूली पाठ्यक्रम में गोविज्ञान विषय शामिल करने तथा गौचर विकास बोर्ड के गठन की भी मांग रखी गई। ज्ञापन में गोचर भूमि संरक्षण, चारा सुरक्षा नीति, गौ-आधारित कृषि को बढ़ावा देने तथा पंचगव्य उत्पादों के निर्माण और विपणन को प्रोत्साहन देने का भी आग्रह किया गया।

उपस्थित लोगों ने कहा कि गौ सेवा केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और ग्रामीण आत्मनिर्भरता का भी महत्वपूर्ण आधार है।

# सैकड़ों सनातनियों ने गौ-वंश संरक्षण को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

गौवंश संरक्षण, संवर्धन एवं वध पर पूर्णता प्रतिबंध ओर कठोर कानून बनाए जाने की मांग को लेकर सोमवार को साधु-संतों की अगुवाई में सैकड़ों सनातन धर्मालंबियों द्वारा जनपद पंचायत प्रांगण में गौ माता की संतो द्वारा सैकड़ों गौ सेवकों के साथ विधिविधान से पूजा-अर्चना के बाद एक विशाल जुलूस निकाला जो मुख्य मार्ग से नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचा।

गौ सम्मान आव्हान अभियान समिति द्वारा साधु -संतों के नेतृत्व में 11 हजार हस्ताक्षरयुक्त 4 प्रतियों में ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम पर अलग -अलग एसडीएम सौरभ मिश्रा को सौंपे गए। ज्ञापन में प्रमुखता से कृषि प्रधान



देश में गौवंश आर्थिक मजबूती का एक अच्छा स्त्रोत है ओर गौमाता हमारी धार्मिक आस्था का आधार स्तंभ बताते हुए, गौमाता की लगातार घट रही संख्या और गौवंश तस्करी, बूचड़खानों में निर्मम वध, सड़क दुर्घटनाओं एवं पॉलीथिन खाने से मृत होने, लगातार गौवंश असुरक्षित होने पर चिंता जताते हुए बताया कि सनातन धर्मालंबियों की धार्मिक आस्था के सम्मान और गौ माता की पीड़ादायक दयनीय स्थिति को देखते हुए आपसे मांग करते हैं कि गौवंश संरक्षण का एकीकृत कानून बनाकर स्वत्रंत मंत्रालय बनाया जाए ताकि गौवंश वध पर प्रतिबंध लग सके एवं देश की समस्त वध शालाओं के लाइसेंस तत्काल निरस्त करके कठोर कार्रवाई नियत की जाए।